## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स करने वालों को मिला रोजगार

**रायपुर (आरएनएस)।** लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में महिंद्रा एन्ड महिंद्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण हेतु नवीन तकनीक से लैब स्थापित किया गया है 7 जहां महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है7 प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियों को प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया 7 इस कोर्स के लिए जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही आवेदन जमा कर सकते है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सुविधा के लिए आवेदन 11 तक

**रायपुर (आरएनएस)।** राजीव युवा उत्थान योजना के तहत जिले के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे रेल्वे, बैंकिंग, एस.एस.सी. अन्य के लिए नि:शुल्क कोचिंग दिए जाने का प्रावधान है। जिसमें 100 सीटों के लिए आवेदन मंगाया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 11 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 30, अनुसूचित जनजाति के लिए 50, अन्य पिछडा वर्ग के लिए 20 सीट आरक्षित की गई है। इसके अलावा वर्गवार 33 फीसदी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इसमें विद्यार्थियों को एक हजार रूपए स्कॉलरशिप देने का भी प्रावधान है। विद्यार्थियों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष निर्धारित की गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत

**बलरामपुर (आरएनएस)।** डूमरखी के आगे बैरियर के पास अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारे जाने से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बलरामपुर नगर के वार्ड क्रमांक 2 मरियम पारा में रहने वाले फ्रांसिस केरकेट्टा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 2 मरियमपारा में रहने वाले फ्रांसिस केरकेट्टा फादर के साथ दलधोवा गए थे जहां से वापस आ गए थे। परंतु मोबाइल छूट जाने का वापस मोबाइल लेने अपने बाइक से जा रहे थे इसी दौरान डुमरखी के आगे बेरियर के पास अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर छोटे लगी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारियों को दी गई। सूचना पर तत्काल मौके पर हाईवे पेट्रोलियम की टीम पहुंची। बताया जा रहा था कि मृतक फ्रांसिस ने बाईक चलाने के दौरन हेलमेट पहना हुआ था किंतु टक्कर इतनी जबरदस्त थी की हेलमेट भी फट गया एवं फ्रांसिस के सिर पर गंभीर चोट लगी व उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करता है संसद- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

#### युवा संसद कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय कार्यप्रणाली को समझा

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आज सूरजपुर जिले के ग्राम बतरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा संसद युवाओं की नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही सार्वजनिक मुद्दों पर विचार करने और अपनी राय बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करना है। मंत्री राजवाड़े इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट गाइड के बच्चों से भी मिली और युवा संसद कार्यक्रम के सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कहा कि युवा संसद के माध्यम से छात्रों को सरकार की कार्यप्रणाली को जानने और समझने का अवसर मिलता है।

# पांच ब्लैकमेलर गिरफ्तार : महिला ने वाईफाई लगवाने के बहाने बुलाकर गिरोह के साथ लूटे हजारों रुपए

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला संबंधी अपराध में फसाने का भय दिखाकर ब्लैकमेलिंग और लूटपाट करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों में से एक ने खुद को पुलिस कर्मी बताया था भयादोहन किया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़ित से फोन पे के माध्यम से वसूले थे 8000 हजार रुपये। मामले में तीन युवकों और दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रायपुर एसपी डॉ. संतोष सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि, दो आरोपी महिलाओं के द्वारा लोगों को अपने झांसे मे लेकर सुनसान इलाके में लेकर जाया करते थे। महिलाओ द्वारा ले जाने वाले स्थान पर उनके साथी पहुंच कर अपने आप को पुलिस वाल होना बताकर एवं थाने ले जाने की धमकी देकर लूट करते थे।

अपने परिचित को ही फंसाया

एसपी ने बताया कि, आरोपियों में से एक प्रदीप सिंह बोपाराय के विरूद्ध पहले भी थाने में प्रकरण दर्ज है। उक्त सभी आरोपीगणों ने आवेदक के पास नगदी पैसा नहीं होने पर फोन पे के माध्यम से 8 हजार रुपये लिया है। आरोपी यश प्रजापति ने प्लान कर अपने परिचित प्रार्थी राघव मिश्रा का मोबाईल नबंर देकर लूट की घटना को अंजाम दिया है।

वायफ़ ाय लगवाने के बहाने शुरू की बात



मिली जानकारी के मुताबिक, लूट का शिकार हुआ प्रार्थी राघव मिश्रा डीडी नगर रायपुर का रहने वाला है। वह एयरटेल कंपनी मे वायफाय लगाने का काम करता है। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि, महिला अन्नू अग्रवाल को यश प्रजापति ने अपने परिचित राघव मिश्रा का मोबाईल नबंर दिया था। अन्नू अग्रवाल ने राघव के मोबाईल नबंर पर कॉल कर एयरटेल का वायफाय लगवाना है कहकर बातचीत की। इस दौरान उसने अपना बनावटी नाम पायल साहू बताया। उस समय प्रार्थी बाहर था। जब वापस आया तो अपने मोबाईल नबंर से महिला के मोबाईल पर वायफाय लगवाने के लिये काल किया। वह बोली कि, मेरी दोस्त खुशबू तिवारी के पति काका ढाबा के पास स्थित फैक्टरी में गार्ड का काम करते हैं। अभी मेरे दोस्त का डायवोर्स अपने पति के साथ हो गया है वह उनके साथ नहीं रहती है। अब उनके जगह पर मेरी दोस्त गार्ड का काम करती है। उसी जगह पर वायफाय लगाना है। वह प्रार्थी को मरकटटी तालाब के सामने ब्लू कलर का बडा से गेट दिखेगा वहां पर पहुंचने बोली।

महिला ने प्रार्थी को अपने जाल में फंसाने के लिये घटनास्थल पहुंचकर वाटसएप के माध्यम से लोकेशन शेयर कर दी। उसी लोकेशन पर प्रार्थी पहुंचा और उसे कॉल किया तो खन्डहर जैसे कमरे से महिला बाहर निकली। उसी स्थान पर एक अन्य महिला खुशबू तिवारी भी उपस्थित थी। जब प्रार्थी खन्डहर जैसे घर में प्रवेश करता है तो उसे शंका होती है कि, कुछ गड़बड़ है। इसी दौरान महिला वाशरूम जाने के बहाने से बाहर निकली और अपने पुरूष साथियों को कॉल कर बुलाई। प्रार्थी हड़बडी में घबराकर बाहर निकलता है तो उसी समय दो लोग प्रदीप सिंह बोपाराय व मदन सोना मौके पर पहुंचकर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद लूट को अंजाम दिया गया।

नाम आरोपीगण :-

प्रदीप सिंह बोपाराय पिता जोगेन्दर सिंग उम्र 32 साल निवासी मकान नबंर 06 गुरूद्वारा के पास साकरे मर्गी फार्म टाटीबंध थाना आमानाका रायपुर।

यश प्रजापति पिता अनिल प्रजापति उम्र 23 साल निवासी सोनडोंगरी मिडीया कालोनी थाना कबीर नगर रायपुर।

मदन सोना पिता चिंता सोना उम्र 38 साल निवासी ज्योति नगर कोटा थाना सरस्वतीनगर रायपुर।

खुशबू तिवारी पति विनीत तिवारी उम्र 33 साल साकिन हीरापुर एलआई जी 386 दुर्गा गार्डन के पास थाना कबीर नगर रायपुर।

अन्नू अग्रवाल पति गजेन्द्र अग्रवाल उम्र 35 साल निवासी डुमर तालाब सरकारी स्कूल के पास थाना आमानाका रायपुर।

## नकली पेन-ड्राईव खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**❒ सायबर सेल, थाना कोतवाली एवं बसंतपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**

**राजनांदगांव । आरएनएस**

जिले की बसंतपुर पुलिस ने नकली पेन-ड्राईव खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 957 नग नकली पेन ड्राईव एवं ठगी के 33,000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 नग मोटर सायकल जप्त किया है। आरोपी योजनाबद्ध तरीके से दो-दो के ग्ररुप में जाकर दुकानदारों को निशाना बनाते थे।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव पिता स्व. शेष नारायण वैष्णव उम्र 72 वर्ष साकिन संजय नगर लखोली राजनांदगांव ने दिनांक 07.12.2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि लगभग 10:40 बजे उसके श्रीराम हार्डवेयर दुकान राजीव नगर लखोली में एक व्यक्ति आया और अपना नाम सतेन्द्र सोलंकी बताकर अपना आधार कार्ड दिखाकर बोला कि मुझे आपके दुकान के सामने एक सप्ताह स्टाल लगाकर कंपनी के तरफ से पैन ड्राईव का डेमो दिखाना है, जिसका किराया 4500 रूपये एवं 05 प्रतिशत आपको प्राफि ट दूंगा, और अपने बैग से किंगस्टोन कंपनी लिखा पैन ड्राईव निकाल कर दिखाने लगा उसी समय एक व्यक्ति जो उसी का आदमी था वह मेरे दुकान में फेवीक्वीक खरीदने आया, जो सतेन्द्र सोलंकी द्वारा दिखा रहे पैन ड्राईव को देखकर मुझे भी अपने दुकान के लिए 10 नग पैन ड्राईव खरीदना कहते हुए पैन ड्राईव का रेट पूछा, तो एक पैन ड्राईव का रेट 1400 रूपये बताया। जिससे वह व्यक्ति सहमत होकर सतेन्द्र सोलंकी को 1000 रूपये एडवॉस देकर बाकी राशि एक घंटे में लाकर देता हूं कहकर चला गया, और अपना नाम मनीष पाराशर बताया।

सतेन्द्र सोलंकी उसके आने तक मैं नहीं रूक पाउंगा आगे और काम है, मेरा पैन ड्राईव रखकर 11 हजार रूपये दे दो, जब वह आयेगा तो प्रति पैन ड्राईव 200 रूपये अपना कमीशन रखकर पैन ड्राईव दे देना बोला तब प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव 11 हजार रूपये आरोपी सतेन्द्र सोलंकी को दिया और किंगस्टोन कंपनी का 126 जीबी का 10 नग पैन ड्राईव को रख लिया। सतेन्द्र सोलंकी बोला कि यदि वह व्यक्ति नहीं आता है, तो मुझे पैन ड्राईव वापस लौटा देना और आपका 11 हजार रूपये वापस ले लेना कहकर चला गया। इसके बाद न तो खरीददार व्यक्ति आया और ना ही पेनड्राईव बेचने वाले व्यक्ति। दोनों के द्वारा अपना अपना मोबाईल नंबर दिया गया था, उसके बाद जब प्रार्थी शिवकुमार ने पैनड्राईव को खोलकर देखा तो पैन ड्राईव प्लास्टिक का खाली खोखा था, उसके अंदर चीप नहीं था, तब उसे ठगी होने का एहसास हुआ और उसने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसपर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 318 (4), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**कबीरधामकवर्धा (आरएनएस)।** जिले के ग्राम गोछिया (पुलिस चौकी बाजार चारभाठा) में घरेलू विवाद के कारण हत्या के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया। प्रार्थी त्रिलोचन पिता पुजेरी उईके (उम्र 60 वर्ष) ने दिनांक 07.12.2024 को थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र मुकेश पिता त्रिलोचन उईके (उम्र 38 वर्ष) ने खाना न देने की बात को लेकर बांस के डंडे से उसकी पत्नी निर्मला बाई (उम्र 55 वर्ष) पर जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। जब प्रार्थी बीच-बचाव करने गए, तो आरोपी ने उन पर भी हमला किया, जिससे उनके सिर और बाएं हाथ में चोटें आई। घटना के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (ढ्ढक्क्स्) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल एवं एसडीओपी कवर्धा प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम, जिसमें उप निरीक्षक संतोष ठाकुर, प्रआर 349 हरिशंकर सुमन, प्रआर 343 जितेन्द्र साहू, आरक्षक 780 गीता श्रीवास एवं आरक्षक 900 मिथुननाथ योगी शामिल थे, ने दिनांक 08.12.2024 को ग्राम भाटकुंडेरा और धरमगढ़ के बीच खेतों में आरोपी मुकेश उईके को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**❒ 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत पर**

**कोरबा (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा यूबीएस चैहान, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी एवं नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में थाना प्रभारी दीपका प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही कि जा रही है। इसी क्रम में बाबू का नौकरी लगाने का झांसा देकर 450000.00 रू चार लाख पचास हज़ार रू वसूल करने वाले दो आरोपियों को बिलासपुर और जांजगीर से पकडऩे में दीपका पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 07/12/2024 को प्रार्थी संजय दास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि आरोपीया सुमन सिंह द्वारा अपने भाई जय सिंह के साथ मिलकर प्रार्थी और उसके दोस्त का सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 450000.00 रू चार लाख पचास हज़ार रू वसूल लिए है, उक्त रिपोर्ट पर थाना दीपका में अपराध क्रमांक 415/2024 धारा 420,34 भा द वि पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जांजगीर चांपा और बिलासपुर से गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ो की ठगी करने वाले गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर पुलिस ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से करोड़ों रूपयों की ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा संगठित तौर पर राज्य के अलग अलग जिलो के बेराजगार युवको को पीडब्लूडी, पुलिस विभाग, जेल विभाग, पीएचई विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर लगभग दो दर्जन से अधिक युवक-युवतियों से ठगी की गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 13 लाख रूपये, नगदी रकम, एक इनोवा कार कीमती 20 लाख जब्त कर बैंक एकाउंट में 03 लाख रूपये सीज कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाईन को सूचना प्राप्त हुई कि कपिल गोस्वामी एंव उसके साथी कुछ बेराजगार लडक़ो से नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र तैयार कर पैसा लेकर ठगी कर रहे है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियो तथा घटना के संबंध में पतासाजी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के पर्यवेक्षण तथा नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा पतासाजी किये जाने पर प्रार्थी गण 01. गोविन्द चंद्रा पिता जतीराम चंद्रा उम्र 35 साल निवासी भातमाहूल थाना हसौद जिला सक्ती छग.। 2. नंद कुमार शांडिल्य पिता दुर्गा प्रसाद शांडिल्य उम्र 28 साल निवासी ध्रुवाकारी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर छग.। 03. नितीश कुमार भारद्वाज पिता देवेन्द्र कुमार भारद्वाज उम्र 34 साल निवासी ध्रुवाकारी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर छग. 04. नितीश कुमार भारद्वाज पिता देवेन्द्र कुमार भारद्वाज उम्र 34 साल निवासी धुवाकारी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर छग मिले, जो कि कपिल गोस्वामी एवं उसके साथी गुरू शंकर दिव्य, ईश्वर चौहान एवं अन्य को लगभग 22 लाख रूपये पृथक पृथक देना बताये। प्रार्थीयो की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी, कूटरचना एवं संगठित अपराध की धाराओं में कुल 04 प्रकरण पंजीबध्द किये गये। इसी दौरान आरोपियो की गिर0 हेतु रेड कार्यवाही की गई। आरोपी कपिल गोस्वामी तथा गुरू शंकर दिव्य, पुरूषोत्तम तिवारी तथा राजेन्द्र पलांगे अपने निवास पर मिले। जिनको अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरापियो के पास से प्रार्थीयो के नाम से बने फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र, फर्जी सेवा पुस्तिका, अलग अलग शासकीय विभागो की सील मुहर एवं जेल प्रहरी की वर्दी बरामद कर जप्त कर आरोपियो से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि कपिल गोस्वामी पूर्व में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में जेल जा चुका है तथा शातिर किस्म का ठग है। पूछताछ पर आरापियो के द्वारा रजांजगीर चाम्पा, बिलासपुर, सक्ती, रायपुर, बलौदा बाजार जिले के लगभग 25-30 युवको से धोखाधड़ी किया जाना स्वीकार किया गया है। जिनसे संपर्क किया जा रहा है।

## नक्सली लीडर हिड़मा के गांव जाएंगे अमित शाह, इतिहास में पहली बार होगा ऐसा

**रायपुर/नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 15 दिसंबर को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अमित शाह नक्सली लीडर हिड़मा के गांव जाएंगे।



इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब देश के गृहमंत्री कोर नक्सली लीडर के गांव जाएंगे। यही नहीं अमित शाह नक्सलियों गढ़ क्षेत्र माने जाने वाले बस्तर में रात रुकने वाले हैं। शाह का यह प्लान नक्सलियों के खात्मे के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। इससे नक्सलियों का मनोबल टूटेगा।

हिडमा और देवा बारसे का घर है पूवर्ती गांव

जानकारी के अनुसार नक्सली लीडर हिड़मा पूवर्ती गांव का रहने वाला है। इसी गांव में बटालियन एक के चीफ देवा बारसे का भी घर है। पूवर्ती गांव सुकमा-बीजापुर जिले की सरहद पर जगरगुंडा क्षेत्र में आता है। यह सुकमा जिला मुख्यालय से 120 किलो मीटर की दूरी पर है। इस गांव में पिछले कई सालों से नक्सलियों की अनुमति के बगैर कोई पैर नहीं रख सकता था।

इसी इलाके में फोर्स को फंसा कर 23 जवानों की जान ली थी

जानकारी के अनुसार 2021 में हिड़मा के नेतृत्व में नक्सलियों ने फोर्स को एंबुश में फंसा लिया था। इसमें 23 जवान शहीद हुए थे। पूवर्ती गांव से करीब 3 से 4 किलो मीटर पहले टेकलगुड़म गांव है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में पुलिस ने यहां कैंप स्थापित कर लिया है। कैंप खुलने के दिन ही नक्सली कमांडर देवा बारसे ने साथियों के साथ यहां हमला कर 3 जवानों की जान ले ली थी। हालांकि, जवानों ने भी 2 नक्सली मार गिराए थे।

बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में होंगे शामिल

जानकारी के अनुसार गृहमंत्री अमित शाह बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वह जगदलपुर में रात रुकेंगे। वह नक्सलियों को मारने वाले जवानों के साथ डिनर करेंगे। इसके साथ ही शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## पर्यटन वेबसाइट में शामिल जशपुर पहला जिला : मुख्यमंत्री की पहल से पर्यटन के क्षेत्र में मिला जशपुर को नया आयाम

**जशपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे हैं। और उसका साकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला है। जशपुर जिले का नाम वेबसाईट में शामिल हो गया है। जशपुर पहला जिला बन गया है। हरी भरी वादियों को घूमने के लिए पर्यटन प्रेमी इस वेबसाइट साइट का उपयोग कर सकते हैं। साइट के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई है। जशपुर आने के लिए सडक़ माध्यम है। इसके लिए नजदीक का राजधानी रांची से हवाई यात्रा या ट्रेन के माध्यम से यात्रा की जा सकती है । तत्पश्चात रांची से जशपुर आने के लिए बस की सुविधा रहती है । या प्राइवेट टेक्सी या स्वयं के वाहन से भी जशपुर पहुंचा जा सकता है। इसी प्रकार उड़ीसा मार्ग से झारसुगुड़ा से भी आसानी से जशपुर पहुंचा जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में अनेक गतिविधियां आयोजित की जाती है। पर्यटन के लिए जशपुर, जहां रोमांच, संस्कृति और प्रकृति का संगम है। छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग में स्थित, यह छिपा हुआ रत्न शहरी जीवन शैली से और भागदौड़ की जिंदगी से सुकून का अहसास दिलाता है। प्रकृति को नजदीक से जानने के लिए एक आदर्श स्थान है। चाहे वह हरे-भरे चाय बागानों हो , रॉक क्लाइम्बिंग के रोमांच को अपनाना हो, या अपने आदिवासी समुदायों की जीवंत परंपराओं में खुद को नजदीक से जानना हो, जशपुर हर यात्री के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। अपने मनमोहक परिदृश्य, ठंडी जलवायु और आदिवासी संस्कृति रीति रिवाज रहन सहन खान पान पारंपरिक व्यंजन और आत्मीयता से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ, जशपुर एक कायाकल्प का वादा करता है जो आपकी यात्रा के बाद लंबे समय तक आपके साथ रहता है। जशपुर पहुंचने का हवाई मार्ग या ट्रेन मार्ग से रांची पहुंचा जा सकता है। रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे के बाहर जशपुर पहुंचने के लिए आसानी से वाहन मिल जाएगी। जशपुर में रूकने के लिए एक सुंदर और आकर्षक सुविधा युक्त सरना एथनिक रिज़ॉर्ट है जहां रूका जा सकता है। इसके आलावा छोटे होटल की भी सुविधा मिल जाएगी। जशपुर में स्थानीय आदिवासी समूह द्वारा आत्मीय स्वागत रात्रि अलाव में परिचय सत्र, उसके बाद स्थानीय भोजन , स्थानीय प्रशिक्षक द्वारा योग और ध्यान सत्र , स्थानीय घर का दौरा, स्थानीय भोजन और पत्तों के बर्तन बनाने के बारे में जानें, स्थानीय आदिवासी घर में दोपहर का भोजन, आदिवासी नृत्य सत्र. बॉन फायर के साथ नाइट लाइट संगीत साइलेंट जंगल वॉक के बाद नाश्ता और चाय , फार्म वॉक आदि के साथ दर्शनीय स्थलों की यात्रा, अलाव के साथ स्टार गेजिंग सत्र के लिए देशदेखा तक शाम की ड्राइव और साइट पर भोजन परोसा जाएगा। रिज़ॉर्ट के लिए वापस आ जाएं नाश्ते के बाद वापस रांची हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो जाए उल्लेखनीय है कि जशपुर में घूमने के लिए पर्यटन स्थल में दमेरा, देश देखा, चाय बगान ,सोगडा आश्रम, रानीदाह , बगीचा विकास खंड में कैलाश गुफा, खुडिया रानी,राजपुरी ,दनगरी ,मकरभंजा , कुनकुरी विकास खंड में एशिया का सबसे दूसरा बड़ा चर्च, मधेश्वर पहाड़ सबसे बड़ा शिवलिंग, मयाली नेचर कैम्प, आदि बहुत सारे पर्यटन स्थल का आनंद लिया जा सकता है।